जनता को100 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी: हेमाराम चौधरी

जैसलमेर/जिले के प्रभारी मंत्री एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री हेमाराम चौधरी ने डीआरडीए हाल में अशोक गहलोत सरकार द्वारा की गई बजट घोषणा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि बजट घोषणा के अनुसार जनता को 100 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। इसका सीधा फायदा आम आदमी को कुछ महीनों में ही मिलने लगेगा। अभी 50 यूनिट बिजली फ्री है।उन्होंने कहा कि चिरंजीवी योजना में अब 25 लाख तक का इलाज फ्री हो जाएगा। इसमें भी सरकार को सिर्फ आदेश जारी करने हैं। फ्लैट्स के लिए नल कनेक्शन, मिड डे मील में दूध जैसे काम की घोषणा भी सरकार ने कर दी है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर टीना डाबी भी उपस्थित रही।

मिराए एसेट द्वारा एक ही दिन में 1 मिलियन से अधिक ट्रेड्स किये हासिल

नई दिल्ली (अमृत इंडिया)। मिराए एसेट, जो कि एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा समूह है, ने अपने ऑनलाइन रिटेल स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म एम.स्टॉक पर एक ही दिन में एक मिलियन से अधिक ट्रेड्स की सूचना साझा की। अप्रैल 2022 में लॉन्च किया गये, एम.स्टॉक ने अपने संचालन के एक साल के भीतर ही महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जिसने कि भारत में ऑनलाइन ब्रोकिंग प्लेटफार्मों के बीच कई रिकार्ड्स को तोड़ दिया है। इसके अलावा ऐप ने 10 महीनों से भी कम समय के अंतराल में 6 मिलियन से अधिक डाउनलोड हासिल किए हैं साथ ही इसका एक्टिव क्लाइंट्स रेश्यो 73 प्रतिशत है। एम.स्टॉक, ने अपनी मार्जिन ट्रेडिंग फैसिलिटी पर 155 करोड़ से अधिक रुपए के बुक साइज की भी सूचना प्रदान की है। इनकी ई-मार्जिन फैसिलिटी, जो कि सिर्फ 7 महीने पहले ही शुरू की गई थी, इंडस्ट्री में सबसे कम ब्याज दरों में से एक, 7.99 प्रशित प्रति वर्ष से शुरू होकर, उपयोगकर्ताओं को तत्काल धन (80 प्रतिशत तक) तक पहुंच प्राप्त करने और डिलीवरी ट्रेडों में अपनी मार्जिन आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाती है। एम.स्टॉक के यूनिक एवं सीमलेस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को सभी प्रोडक्ट्स में हमेशा के लिए जीरो ब्रोकरेज और नो-कमीशन मॉडल के साथ जोड़ा गया है, जिसने इसे सीजंड ट्रेडर्स साथ ही साथ इन्वेस्टर्स दोनों के लिए ही एक लाभदायक प्रस्ताव बना दिया है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, अरुण चौधरी, डायरेक्टर एवं चीफ बिज़नेस ऑफिसर, मिराए एसेट कैपिटल मार्केट्स ने कहा, एम.स्टॉक पर हम इतने कम समय में एक ही दिन में दस लाख ट्रेड बुक करके रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि दर्ज करने को लेकर बेहद रोमांचित हैं। वाकई में यह हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है साथ ही कंपनी के लिए इस तरह की शानदार वृद्धि को दर्शाना एक सपने के सच होने जैसा है। इसके अलावा हमारा मानना है कि यह प्लेटफॉर्म के मजबूत होने तथा हमारे अनूठे बिजनेस मॉडल के सच होने का भी प्रमाण है।

एनडीपीपी-भाजपा गठबंधन ने अभी तक सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया

कोहिमा। नगालैंड में हाल में संपन्न चुनावों में 60-सदस्यीय विधानसभा में 37 सीट हासिल करने के बावजूद नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन ने राज्य में सरकार बनाने का अभी तक दावा पेश नहीं किया है। दोनों दलों के सूत्रों ने कहा कि उनके विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने से पहले निवर्तमान मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के साथ एक संयुक्त बैठक करेंगे। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 12 मार्च को खत्म होगा। रियो ने सरकार गठन पर राय जानने के लिए पार्टी प्रमुख के कार्यालय में एनडीपीपी के नये विधायकों के साथ बंद कमरे में बैठक की। एनडीपीपी के सूत्रों ने बताया कि ज्यादातर नवनिर्वाचित विधायक सरकार गठन तक एक साथ रह रहे हैं। भाजपा के सूत्रों ने बताया कि पार्टी के विधायक रविवार तक एक समन्वय बैठक करेंगे, जिसके बाद एनपीपीपी के विधायकों के साथ एक संयुक्त बैठक होगी। नगालैंड में 60-सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान सोमवार को हुआ था, जबकि नतीजों की घोषणा बृहस्पतिवार को की गयी। इसमें 37 सीट एनडीपीपी-भाजपा के चुनाव-पूर्व गठबंधन ने जीती, जिनमें से एनडीपीपी ने 25 और भाजपा ने 12 सीट हासिल की। एनडीपीपी ने 2018 में 18 सीट, जबकि भाजपा ने 12 सीट ही जीती थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सात सीट, एनपीएफ ने पांच और नगा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और आरपीआई (आठवले) ने दो-दो सीट जीती। जनता दल (यूनाइटेड) ने एक सीट, जबकि चार निर्दलीय जीते हैं।

झारखंड- बोकारो के बाद रांची में भी बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि

रांची। झारखंड के बोकारो में बर्ड फ्लू के कारण करीब 4,000 मुर्गियों और बत्तखों को मारे जाने के मात्र एक सप्ताह बाद रांची में भी बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लुएंजा) की पुष्टि हुई है। केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक सभी कार्रवाई करने को कहा है। एक अधिकारी ने कहा, ''केंद्र ने झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को तीन मार्च को लिखे एक पत्र में रांची में मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) संक्रमण की पुष्टि की तथा राज्य को इसकी रोकथाम के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।'' आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि झारखंड के पशुपालन विभाग ने मुर्गियों में इस वायरस के लक्षण पाए जाने की सूचना मिलने के बाद इसके नमूने जांच के लिए भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे थे। उन्होंने बताया कि संस्थान ने शुक्रवार को एक नमूने में बर्ड फ्लू होने की पुष्टि की। राज्य के पशुपालन निदेशक चंदन कुमार ने भी रांची के उपायुक्त एवं जिला पशुपालन अधिकारी को इस संक्रमण से बचाव के लिए सभी एहतियातन कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले बोकारो के चास में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई थी, जिसके बाद 3,856 मुर्गियों एवं बत्तखों को मारा गया था।

अवैध तरीके से रहने के आरोप में 18 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने 10 महिलाओं समेत 18 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उन पर देश में अवैध तरीके से रहने का आरोप है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि नवी मुंबई पुलिस ने एक और दो मार्च की मध्यरात्रि को यह गिरफ्तारी की। रबाले पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा, ''पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ बांग्लादेशी नागरिक नवी मुंबई के घनसोली इलाके की एक इमारत में उनमें से एक की शादी की वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए इकट्ठा होंगे। इसके बाद नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने रात में इमारत पर छापा मारा।'' उन्होंने बताया कि इस दौरान 10 महिलाओं और आठ पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया गया, जो पिछले एक साल से बिना किसी वैध दस्तावेज के इस इलाके में रह रहे थे।

कश्मीर में भी आगाज हुआ अणुव्रत अमृत महोत्सव

नशामुक्त कश्मीर में अणुविभा निभाये महत्वपूर्ण भूमिका: शबीर हुसेन खान

नई दिल्ली(अमृत इंड़िया) ।

स्वतन्त्र भारत के महान समाज सुधारक आचार्य श्री तुलसी ने इन्सानी कौम की बेहतरी के लिए अणुव्रत को छोटे -छोटे 11 नियमों में ढालकर 1 मार्च 1949 को अणुव्रत आंदोलन का आगाज करते हुए शंखनाद किया। वर्तमान अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी अणुव्रत के 75 वें स्थापना दिवस अणुव्रत अमृत महोत्सव शुभारम्भ समारोह के शुभ पावन अवसर पर अणुव्रत यात्रा की उद्घोषणा कर के पुरे विश्व के लिए संयम व सौहार्द का संदेश दिया। अणुव्रत पर्यवेक्षक मुनि मनन कुमार जी ने कहा कि अणुव्रत के नियम बिना किली जाति भेद के मानव मात्र के लिए कल्याणकारी है। अणुव्रत विश्व भारती के अध्यक्ष श्री अविनाश नाहर व महामन्त्री श्री भीखम सुराणा के नेतृत्व में, अणुव्रत अमृत महोत्सव के संयोजक श्री संचय जैन व शुभारम्भ समारोह की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. कुसुम लुनिया के दिशादर्शन में अणुविभा टीम व स्थानीय समितियों ,मंचो व संयोजकों के सहयोग से नेपाल समेत पुरे भारत में सैंकडो अणुव्रत अमृत रैलियों व प्रेस वार्ताओं के सफल सार्थक आयोजन द्वारा स्वर्णिम इतिहास का सृजन हुआ। कश्मीर में अणुव्रत का उदघोष गुंजा हुमन डेवलपमेन्ट सोसायटी कामनगेरपोरा के चेयरमेन जनाब शबीर हुसैन खान की अगुआई में ।श्रीनगर में मूतरजील हुसैन खान, बशीर इरफान, मुसतक अहमद भट्ट, मूंजीमन, अंजुम, अलेह भट्ट व मुहम्मद रफीक मुनसी के साथ नई पहल हुई। उर्दू में लिखी अणुव्रत आचार संहिता के प्लेकार्डस सोशल मीडिया में खूब चले।अंग्रेजी के पोस्टर बैनर व तख्तियों के साथ अणुव्रत के मेसेज को बहुत पंसद किया । इस अवसर परब्लडमेन ऑफ कश्मीर शबीर हुसैन खान ने कहा कि अणुव्रत के ये 11 अल्फाज अमन चैन का पैगाम है। ईशांअल्ला अणुविभा के साथ जुड़ने तथा अणुव्रत के इन नियमों से हमारा नशामुक्त कश्मीर मिशन तेजी से आगे बढ़ेगा।

आगामी विधानसभा चुनाव से पहले आप ने बड़ी घोषणा, सभी 230 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

भोपाल/एजेंसी। दिल्ली में केंद्र सरकार भले ही कितनी ही कोशिश कर ले लेकिन आम आदमी पार्टी को नहीं हरा पाएगी, यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक का। राज्यसभा सांसद संदीप पाठक इन दिनों मध्यप्रदेश के दौरे में हैं। ग्वालियर, सतना और जबलपुर में कार्यकर्ता संवाद के बाद उन्होंने भोपाल संभाग के कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और सांसद संदीप पाठक ने बताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की सभी 230 सीटों में आम आदमी पार्टी अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी। डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि राजनीति दो तरह की रह गई है, एक अच्छी और एक बुरी। अब मध्यप्रदेश की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है, और तीसरा विकल्प तलाश रही है। विधायकों का बाजार बना हुआ कांग्रेस बिक रही है, और भाजपा ख़रीद रही है। इन दोनों ही पार्टी को जनता से कोई मतलब नही है।

बीजेपी और कांग्रेस की एक जैसी राजनीति- डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता ने कांग्रेस और भाजपा को काम करने का भरपूर मौका दिया। ये दोनों ही पार्टी ये नहीं कह सकती कि इनको मौका नहीं मिला। प्रदेश की दो दलिये लूट की व्यवस्था से जनता बेहद परेशान है। हमे पूरा विश्वास है कि प्रदेश की जनता काम की राजनीति को अपनायेगी और अरविंद केजरीवाल मॉडल पर मोहर लगाएगी। मध्यप्रदेश में भी दिल्ली की तर्ज पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी पर करेंगे ऐतेहासिक बदलाव। आम आदमी पार्टी की लड़ाई केवल विकास की भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने की है व्यवस्था परिवर्तन की है।

राजस्थान रत्नाकर द्वारा रविवार को नई दिल्ली के शाह ओडिटोरियम में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन

नई दिल्ली/नीति गोपेंद्र भट्ट। प्रमुख समाज सेवी संस्था राजस्थान रत्नाकर 05मार्च रविवार को सायं नई दिल्ली के शाह ओडिटोरियम में होली मंगल मिलन समारोह आयोजित करेंगी। संस्था के चेयरमेन राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि समारोह में चन्दन और फूलों की होली होंगी । संस्था के प्रधान ने बताया कि इस मौके पर राधा कृष्ण की मनमोहक झाँकी के साथ ही होली के लोकगीत संगीत और नृत्य के रोचक कार्यक्रम भी होंगे। संस्था के महामंत्री सुमित गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर दिल्ली और राजस्थान के स्वादिष्ट व्यंजन सभी सदस्य परिवारों का रसास्वादन करेंगे।

राजस्थान क्लब का होली मिलन- राजस्थान क्लब भी नेताजी सुभाष प्लेस के पुराने बेंकवेट हाल में होली मिलन समारोह आयोजित करेगा।

संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए वॉकाथॉन का आयोजन

नई दिल्ली (अमृत इंडिया)।

आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले सेंटर फॉर सोशल रिसर्च ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक और प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के समर्थन में वॉकाथॉन का आयोजन किया। इस आयोजन का लक्ष्य राजनीति और प्रशासन में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना और महिलाओं को नेतृत्व की स्थिति में पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है। सीएसआर वॉकाथॉन के माध्यम से महिला आरक्षण विधेयक के लिए समर्थन जुटाना चाहता है। इस अभियान में कई वर्गों की महिलाएं, जिनमें गृहिणियों, घरों में काम करने वाली मेड और सफाई कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहस सीएसआर इंडिया की डायरेक्टर सेंटर फॉर सोशल रिसर्च रंजना कुमारी ने कहा, यह वॉकाथॉन लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए अलग-अलग समुदाय से विचार-विमर्श के लिए एक प्लेटफॉर्म भी प्रदान करेगा। अगले वर्ष 2024 में चुनाव होने वाले हैं।

सीएसआर महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इस्तेमाल करना चाहता है। सीएसआर इंडिया ने इसके लिए कई संस्थाओं, जैसे वुमन पावर कनेक्ट, ब्रेकथ्रू, सीईएचआरओ, सीईक्यूआईएन और पीओडब्ल्यू एचईआर जैसी कई संस्थाओं से भागीदारी की है। रंजना कुमारी ने कहा आरक्षण देने की सीएसआर इंडिया की मुहिम को शर्मिष्ठा मुखर्जी, सुरेश प्रभु, मिस कनिमोझी करुणानिधि, प्रभात झा और डॉ. अंजलि मेहता जैसी विभुतियों ने अपना समर्थन दिया है। महिला आरक्षण विधेयक में लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। वॉकाथॉन का लक्ष्य महिलाओं की राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समाज को जागरूक करना और महिला आरक्षण बिल पास कराने के लिए समर्थन जुटाना है। इन चुनौतियों के बावजूद सीएसआर समेत कई नागरिक समाज संगठन महिला आरक्षण विधेयक पास करने के लिए लगातार समर्थन जुटाने में लगे हैं।

पुस्तको में वर्णित सद्ज्ञान,मनुष्य के नैतिक उत्थान व चारित्रिक उद्धार का आधार

नई दिल्ली। यह तो सब जानते है कि मनुष्य ईश्वर की सर्वोत्कृष्ट कलाकृति है क्योंकि उस के पास अपार बौद्धिक बल है और उसकी बुद्धि में, भौतिक ज्ञान के साथ-साथ, सत्व के प्रकाश के कारण आत्मिक ज्ञान को ग्रहण करने की भी अनादि योग्यता है। निस्संदेह इस हेतु बौद्धिक क्षमता का विकास करना अनिवार्य है जोकि ज्ञान प्राप्ति की समुचित क्रिया यानि नैतिकता से भरपूर कुदरती आए आध्यात्मिक वेद-शास्त्रों व सद्ज्ञान से भरपूर पुस्तकों के अध्ययन द्वारा ही संभव है। ऐसी पुस्तकें के पठन, चिंतन व मनन द्वारा ही मनुष्य के अन्दर विचार-अविचार, संग-कुसंग, सन्मार्ग-कुमार्ग, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, आत्मा-अनात्मा, भले-बुरे, सही-गलत, सार्थक-निरर्थक का विवेक उत्पन्न होता है और वह मन की कल्पना से उत्पन्न तमाम संशयों-भ्रमों का निवारण कर, अपने अन्दर निर्मल सद्भावों का विकास करने में सक्षम हो, निश्चयात्मक व्यक्तित्व का स्वामित्व प्राप्त कर सकता है। इसी तरह वह अपना सात्विक सकारात्मक विकास कर एक चरित्रवान इंसान की भांति, असत्य से सत्य की ओर, मृत्यु से अमृतत्व की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर प्रशस्त हो सकता है और एक सशक्त इंसान की भांति समाज के उत्थान में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

यह विचार है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित, सतयुग दर्शन ट्रस्ट के। इसलिए नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2023 में ट्रस्ट का जितना भी साहित्य देखने व पढ़ने को मिला है, उसके अंतर्गत मनुष्य के यथार्थ के दर्शन होते हैं और वह किसी न किसी रूप में व्यक्ति के नैतिक आध्यात्मिक उत्थान से जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त इस साहित्य के अंतर्गत जो एक विशेषता दिखी है वह है कि युग परिवर्तन के सत्य को दृष्टिगत यह इंसानों को अपने अन्दर भाव स्वभाविक तबदीली ला, समभाव-समदृष्टि अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस हेतु ट्रस्ट द्वारा पुस्तक मेला में आ रहे सज्जनों को निःशुल्क पुस्तकें भी वितरीत की जा रही है। यदि ध्यान से देखा जाए तो हमारी नई शिक्षा नीति 2020 भी कुल विश्व में शांति लाने हेतु मानवीय शिक्षा के रूप में भौतिक ज्ञान के संवर्द्धन के साथ-साथ, आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक शिक्षा के महत्त्व को स्वीकार रही है और छात्रों के अंदर नैतिक मूल्यों का विकास करने के लिए प्रेरित

श्रीलंका में अशोक वाटिका दर्शन यात्रा का मई में करेंगे आगाज

देश की युवा पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोडने़ का प्रयास: डॉ. वेद टंडन

नई दिल्ली। देश की युवा पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोडने़ के अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति आगामी 10 से 15 मई को अशोक वाटिका दर्शन यात्रा का आयोजन करने जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने श्रीलंका में स्थित अशोक वाटिका दर्शन यात्रा की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि अयोध्या, ओरछा और ऋषिकेश की रामलीला के अपार सफलता के बाद अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति यह आयोजन करने जा रही है। इसमें श्रीलंका में प्रभु श्रीराम से संबंधित स्थलों के दर्शन के साथ-साथ भारत श्रीलंका सांस्कृतिक संबंधों की डोर को और मजबूत बनाने का अभियान आरंभ होगा।

टंडन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में इस यात्रा के सूचना पत्रक को विश्व पुस्तक मेले में दिल्ली प्रदेश भाजपा के संगठन मंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी, राष्ट्र मंदिर के संस्थापक अजय भाई, दिल्ली के चीफ फायर ऑफिसर धर्मपाल भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने जारी किया। डॉ. वेद टंडन ने बताया कि विभिन्न टीवी चैनलों और संचार के अन्य माध्यमों से पूरे विश्व में प्रसारित इन रामलीला महोत्सवों में देश के विभिन्न विद्यालयों और गुरुकुलों के छात्रों द्वारा रामायण के पात्रों को जीवंत करने को सराहा गया। आगामी श्रीलंका यात्रा भी उसी श्रृंखला की अगली कड़ी है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति का 108 सदस्य दल श्रीलंका में अशोक वाटिका व रामायण से जुड़े अन्य स्थलों के दर्शन करेगा।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 165 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया

जयपुर/एजेंसी।

सुबोध महिला महाविद्यालय, रामबाग, जयपुर के सभागार में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह पिनेकल का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा, अध्यक्ष, समाज कल्याण बोर्ड और विशिष्ट अतिथि श्री धर्मेंद्र कुमार यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण थे। समारोह में विभिन्न संकायों के परीक्षा परिणामों में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली व खेल-कूद में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

वर्ष 2019-20, 2020-21 में राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई विभिन्न विषयों की मेरिट सूचियों में स्थान प्राप्त करने वाली महाविद्यालय की 15 प्रतिभावान छात्राओं को सुबोध मनीषी अवार्ड दिये गये एवं 150 छात्राओं को उनकी विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया।

समारोह में सुबोध शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष श्री आर. सी. जैन ने छात्राओं से कहा विश्वास वो शक्ति है, जिसके द्वारा असंभव भी संभव हो जाता है। प्राचार्या डॉ. रेणु जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हौसला, जुनून, धैर्य व परिश्रम वह अस्त्र है जो आपको सफलता दिला सकतें है। साथ ही सत्र 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना शर्मा ने संदेश दिया कि नारी शक्ति स्वयं में परिपूर्ण, सशक्त एवं असीम क्षमता रखने वाली होती है अत: नारी को अपनी क्षमता को पहचानकर अपने सपनों को साकार करने के लिए अपने प्रयत्न रूपी पंखों को उडान देनी चाहिए। महाविद्यालय के संयोजक श्री वी. सी. डागा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता अत्यधिक परिश्रम चाहती है।

इस असर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिनमें कृष्ण रासलीला, राजस्थानी घूमर, पंजाबी ,रेखा सुपरहिट, साउथ इण्डियन, बंगाली एवं पाश्चत्य नृत्य प्रमुख थे।

संगीत नायक पंडित दरगाही मिश्र संगीत अकादमी गुरुग्राम ने दिल्ली में स्वर प्रभा नामक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया

नई दिल्ली।

संगीत नायक पंडित दरगाही मिश्र संगीत अकादमी गुरुग्राम ने इंडिया हैबिटेट सेंटर दिल्ली में स्वर प्रभा नामक एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें पद्म विभूषण विदुषी प्रभा अत्रे जी की विभिन्न प्रकार की रचनाओं जैसे विलंबित खयाल, द्रुत खयाल, तराना, दादरा, वसन्त गीत, होली, ग़ज़ल और भजन आदि को उनकी वरिष्ठ शिष्या डॉक्टर नलिनी जोशी ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तबला संगति उस्ताद अख्तर हसन ने और हारमोनियम संगति श्री ललित सिसोदिया ने किया। मंच संचालन विजयशंकर मिश्रा ने किया। कला, संस्कृति, साहित्य सहित प्रशासनिक जगत की भी कई हस्तियां इस अवसर पर उपस्थित थीं। कार्यक्रम अत्याधिक सफल रहा।